राष्ट्रीय सहारा

NEW DELHI. SATURDAY. 11 DECEMBER 2021

यांगांग में नया बुटीक होटल खोलेगी सिनक्लेयर्स

नई दिल्ली (वि.)। सिनक्लेयर्स होटल्स ने यांगांग (सिक्किम) में एक नया बुटीक होटल खोलने का ऐलान किया है। यह होटल सिनक्लेयर्स होटल चेन की नौवीं संपत्ति होगी। कंपनी की ओर से यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि सिनक्लेयर्स होटल्स लिमिटेड द्वारा 18 कमरे के इस होटल को लीज पर हासिल करने के लिए एक समझौते पर दस्तखत किए हैं। यह संपत्ति दक्षिण सिक्किम में है और इस पर्वतीय राज्य में कंपनी के पास यह दूसरी संपत्ति होगी। एक एकड़ भूमि में फैली इस संपत्ति के आसपास पहाड़ियों के मनोरम दृश्य हैं साथ ही यह एक सुरम्य स्थान है, जिसे भालेदुंगा के नाम से जाना जाता है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए इसी होटल के नजदीक ही टेमी टी एस्टेट, बुद्धा पार्क जैसी घूमने की जगह हैं।

सिक्किम सरकार भालेदुंगा की पहाड़ियों के लिए एक रोपवे का निर्माण भी कर रही है, जहां लगभग 10,000 फीट की ऊंचाई पर एक स्काई वाक का निर्माण भी किया जाना है। यह स्काईवाक भारत में अपनी तरह का पहला है।